जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7719 / 2025 दिनांक:23 जनवरी, 2025

शीर्ष प्राथमिकता

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक / नोडल अधिकारी SWAYAM
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः– SWAYAM पाठ्यक्रमों के एकीकरण एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आयोजित शासन स्तरीय कार्यशाला में प्रतिभाग के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्याः 3329 / सत्तर–3–2024, दिनांकः 31 दिसम्बर, 2024 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के मध्य SWAYAM पाठ्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने व अपनाने के लिये शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार तथा यू0जी0सी0 द्वारा जनवरी से मार्च 2025 के दौरान राज्य / क्षेत्रवार SWAYAM आउटरीच कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं के आयोजन का उद्देश्य क्रेडिट संचय के लिये SWAYAM पाठ्यक्रम लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करना तथा विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध लचीलेपन व अन्तर्विषयीय अवसरों को बढ़ावा देना है।**

तद्नुक्रम में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया परिसर स्थित **जय प्रकाश नारायण सभागार कक्ष** में **शासन स्तर से नामित नोडल अधिकारी SWAYAM की अध्यक्षता में 'Online Education Through SWAYAM Courses (SWAYAM पाठ्यक्रमों के माध्यम से आनलाईन शिक्षा)'** विषयक कार्यशाला का आयोजन **दिनांकः 27 जनवरी, 2025** को मध्याह्न 12:00 बजे सुनिश्चित है। उक्त कार्यशाला में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के **प्राचार्य / प्रबन्धक** अपने **नोडल अधिकारी SWAYAM के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।**

चूँकि प्रकरण शासन की प्राथमिकताओं में से एक है, जिस पर विशेष ध्यानाकर्षण अपेक्षित है।

संलग्नक– यथोक्त।

भवदीय,

(एस०एल० पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. नोडल अधिकारी, SWAYAM पोर्टल, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया / सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।
03. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
04. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव